प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 16.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध घुसपैठ रोकने के लिए एक उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिशन शुरू करने की घोषणा की।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 'फास्टैग वार्षिक पास' की सुविधा कल से शुरू की।
- पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किये जा रहे है।
- जन्माष्टमी पर आज प्रदेशभर के श्रीकृष्ण मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन।
- प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी–आज प्रदेश बांसवाडा, डूंगरपुर, प्रतापगढ, सिरोही और उदयपुर में तेज बरसात की संभावना।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अवैध घुसपैठ के प्रति आगाह करते हुए इसे देश की जनसांख्यिकी स्थिति के लिए ख़तरा बताया है। श्री मोदी ने कल स्वाधीनता दिवस संबोधन में अवैध प्रवासियों से उत्पन्न ख़तरे से देश की रक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिशन शुरू करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने विषेशरूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी बदलावों के कारण उत्पन्न चुनौतियों की बात की। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी परिवर्तन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर ख़तरा है।

.....

0000

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पूरे देश में लगभग एक हजार 150 टोल प्लाजा पर 'फास्टैग वार्षिक पास' की सुविधा कल से शुरू कर दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, कल शाम सात बजे तक लगभग एक लाख चालीस हजार लोगों ने वार्षिक पास खरीद कर सक्रिय किया। मंत्रालय ने कहा कि वार्षिक पास से सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हर टोल प्लाजा पर प्राधिकरण के अधिकारी और नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। फास्टैग को बार बार रिचार्ज करने की आवश्यकता समाप्त करने के लिये फास्टैग वार्षिक पास शुरू किया गया है। यह एक मुश्त तीन हजार रुपये की खरीद के साथ शुरू होगा। इस पास की वैधता एक वर्ष या 200 बार टोल प्लाजा से गुजरने तक रहेगी।

0000

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है। वर्ष 2018 में 16 अगस्त को उनका निधन हुआ था। श्री वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। वर्ष 2015 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया गया। नई दिल्ली स्थित उनकी समाधि **सदैव अटल** पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित अन्य राजनेताओं ने श्री वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित किये। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्र के चौतरफा विकास के लिए श्री वाजपेयी का समर्पण और सेवाभाव, हर एक को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी अपने संदेश में कहा कि अटल जी का दूरदर्शी नेतृत्व ओजस्वी वाणी और राष्ट्र हित के प्रति अद्वितीय समर्पण हमेशा सबको राष्ट्र सेवा के पथ पर आगे बढने की प्रेरणा देता रहेगा। प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर श्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया जा रहा है। पाली के लाखोटिया उद्यान में उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढाये जायेंगे। साथ ही काव्य पाठ और संगोष्ठी रखी गई है। कोटपूतली और पावटा में श्री वाजपेयी की पुण्यतिथि पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

000

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की पूजा–अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में इसे आनंद और उत्साह का त्यौहार बताया है। उन्होंने कहा कि

भगवान श्रीकृष्ण का जीवन और संदेश आत्म–विकास और आत्म–साक्षात्कार की प्रेरणा देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कामना की है कि ये त्यौहार सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेशभर के मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष आयोजन हो रहे है। मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। राजधानी जयपुर के गोविंद देव जी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई है। शहर के अन्य मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। रात को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव होगा वहीं कल नंदोत्सव की धूम रहेगी। सीकर के खाटूश्यामजी मंदिर में बडी संख्या में आस पास के राज्यों से भी श्रद्धालु पंहुच रहे है। नाथद्वारा स्थित श्रीनाथ जी मंदिर में तडके पंचामृत के भोग के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव की शुरूआत हुई। मंदिर में भगवान के दर्शनों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पाली के गोपीनाथ जी मंदिर से आज कृष्ण भगवान के विभिन्न रूपों की झांकियों के साथ शोभा यात्रा निकाली जायेगी। साथ ही दही हांडी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। ब्रज क्षेत्र भरतपुर में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम है। करौली के मदन मोहन जी मंदिर में भी श्रद्धालुओं का पंहुचना जारी है। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए खास इंतजाम किए गए है।

....

00000

बच्चों के स्वास्थ्य को मजबूत बनाने और पेट के कीड़ों से होने वाली बीमारियों पर नियंत्रण के लिए प्रदेश में एक दिन का विशेष अभियान चलाया जाएगा। 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' के अवसर पर 22 अगस्त को इस अभियान के तहत सभी सरकारी और निजी स्कूलों, मदरसों, कॉलेजों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को एल्बेंडाज़ॉल की दवा दी जाएगी। 19 साल तक के जो बच्चे किसी कारणवश 22 तारीख को दवा नहीं ले पाएंगे, उन्हें 29 अगस्त को 'मॉप–अप दिवस' पर खुराक दी जाएगी।

000

उदयपुर के पाथरपाड़ी गांव में निर्माणाधीन सरकारी स्कूल का छज्जा गिरने से एक बालिका की मृत्यु हो गई वहीं एक अन्य बालिका घायल हो गई। ये दोनों बालिकाएं स्कूल भवन के पास से गुजर रही थी। हादसे के बाद मामले में कार्यवाही करते हुए शिक्षा विभाग ने कार्यवाहक सहायक अभियंता और संविदा पर कार्यरत सिविल कन्सलटेंट को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही घटना पर एक उच्च स्तरीय जांच भी शुरू कर दी गयी है। निर्माण कार्य करने वाली फर्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

0000

प्रदेश में बरसात का सिलसिला जारी है। आज राजधानी जयपुर सहित अधिकांश स्थानों पर बारिश का येलो अलर्ट है। बांसवाडा, डूंगरपुर, प्रतापगढ, सिरोही और उदयपुर में तेज बरसात की संभावना है। इससे पहले कल कई स्थानों पर बरसात हुई। भीलवाडा, सलुंबर और जालौर मे दोपहर बाद अच्छी बरसात हुई। पाली के ग्रामीण इलाकों में रात को जमकर पानी बरसा। वहां आज भी बादल छाये हुए है और कुछ क्षेत्रों में हल्की बरसात हुई है। राजसमंद में कल शाम से शुरू हुआ बरसात का दौर सुबह तक रूक–रूक कर जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां आज भी करीब आधा घंटा बरसात हुई।

.....

0000

भारतीय डाक विभाग ने रजिस्टर्ड पोस्ट को बंद कर इसे स्पीड पोस्ट में मिलाने का फैसला किया है। इसके लिए विभाग ने देशभर के डाकघरों को 31 जुलाई तक आवश्यक संशोधन करने के निर्देश दिए थे। लम्बे समय तक लोगों के लिये सुरक्षित डाक भेजने का जरिया रही रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा 1 सितम्बर से बंद हो जायेगी।

....

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 31 अगस्त को होगा। यह इस कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000